an>

Title: Need to allocate funds from the Central Road Fund to construct roads linking Dhenkanal to Joda in Odisha.

श्रीमती सकुंतला लागुरी (क्योंझर): ओडिशा राज्य के आदिवासियों के क्षेत्रों के विकास करने के लिए ढेनकानाल, जोडा वाया कंकराहाड, तेलकुई, बासपाल, बामेबारी में सड़कों को केन्द्रीय सड़क निधि के माध्यम से बनाना अति आवश्यक है, परन्तु केन्द्र सरकार ने अभी तक इस पर निर्णय नहीं लिया है। इस लंबित कार्य के कारण ओडिशा के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों का विकास रूका हुआ है। इस क्षेत्र में कई मूल्यवान खनिज के अपार भंडार हैं परन्तु समुचित सड़क नहीं होने के कारण यहाँ पर कोई उद्योग लगने की बजाय यहाँ से खनिज पदार्थों को ढोकर ले जाया जाता है। इन उपरोक्त आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में केन्द्रीय सड़क निधि के माध्यम से सड़क बनाने से ही इन आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की सड़कों का विकास हो सकेगा। उससे इस क्षेत्र का औद्योगीकरण करने में सहायता मिलेगी, जो देश के संतुलित विकास को दिशा प्रदान करेगा।

अतः मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि उक्त सड़कों को केंद्रीय सड़क निधि के माध्यम से बनाने की मंजूरी प्रदान की जाए।